

छिंदेवानी क्षेत्र में तेंदुए की मूवमेंट, ग्रामीण परेशान

तेंदुए ने कोठे में बंधी 6 बकरियों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम छिंदेवानी के हलवाईढाना गांव में शनिवार सुबह तेंदुए के हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जंगली जानवर ने खेत स्थित कोठे में बंधी छह बकरियों पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित किसान लालू प्रसाद मानमोड़े ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार रात बकरियों को खेत के कोठे में सुरक्षित बांधा था। शनिवार सुबह जब वे खेत पहुंचे तो सभी छह बकरियां मृत अवस्था में मिलीं। इसके तुरंत बाद उन्होंने अन्य ग्रामीणों और वन विभाग को घटना की सूचना दी।मामले में डिप्टी रेंजर आर. सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर तेंदुए के पैरों के निशान (पगमार्क) पाए गए हैं। वन विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने अपील की है कि किसान रात के समय अकेले खेत में जाने से बचें और अपने मवेशियों को खुले स्थानों में न बांधें।वहीं दूसरी ओर, तेंदुए की गांव के आसपास मौजूदगी से चिंतित ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।




मानकादेवरी पंचायत में सीसी रोड निर्माण पर सवाल घटिया सामग्री और भुगतान को लेकर लग रहे आरोप


सीमेंट रोड का अघोषित ठेका देने के भी लगा रहे हैं ग्रामीण आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया, बाबा ठाकुर

तामिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में शासकीय योजनाओं के तहत होने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। अब मानक देवरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम मोरढाना में माता दाई से महेश के घर तक बनाई जा रही सीसी सड़क को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके चलते निर्माण के दौरान ही सड़क उखड़ने लगी। वहीं पंचायत दर्पण पर दर्ज भुगतान विवरण को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार मोरढाना में माता दाई से महेश के घर तक सीमेंट रोड का कार्य पंचायती राज संचालनालय के पांचवें वित्त आयोग मद से अप्रैल 2025 में स्वीकृत हुआ था। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस सड़क की स्वीकृत राशि का स्पष्ट उल्लेख सामने नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती गई और ठेकेदारी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है।





निर्माण के दौरान ही उखड़ने लगी सड़क

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण का कार्य एक कथित अघोषित ठेकेदार के माध्यम से कराया गया। आरोप है कि निर्माण में मनमाने तरीके से सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हुई। ग्रामीणों का कहना है कि सीसी रोड का निर्माण पूरा होने से पहले ही कई स्थानों पर सतह खराब होने और उखड़ने के संकेत दिखाई देने लगे थे।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि निर्माण कार्य की निगरानी और गुणवत्ता की जांच प्रभावी तरीके से नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि निर्माण के दौरान तकनीकी अमले द्वारा नियमित निरीक्षण और सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया होता तो कथित तौर पर घटिया निर्माण की स्थिति सामने नहीं आती।

एक ही ट्रेडर्स से 3.74 लाख की सामग्री खरीदी का दावा

पंचायत दर्पण पर उपलब्ध भुगतान विवरण को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सीसी रोड निर्माण से संबंधित सामग्री के लिए एक ट्रेडर्स के बिल क्रमांक 771, 772 और 773 के माध्यम से कुल 3,74,125 रुपए का भुगतान दर्शाया गया है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली अलग-अलग सामग्री की खरीदी एक ही ट्रेडर्स से दर्शाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित ट्रेडर्स के यहां सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली गिट्टी और रेत जैसी सामग्री उपलब्ध होने को लेकर भी सवाल हैं। ऐसे में पंचायत द्वारा इस मद में किए गए भुगतान और सामग्री की वास्तविक आपूर्ति की जांच की मांग उठ रही है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि संबंधित बिलों, स्टॉक रजिस्टर, सामग्री प्राप्ति, परिवहन विवरण, जीएसटी बिल, माप पुस्तिका और मौके पर इस्तेमाल हुई सामग्री का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

बिल और भुगतान प्रक्रिया की जांच की मांग

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में निर्माण कार्यों के भुगतान की प्रक्रिया भी जांच के दायरे में लाई जानी चाहिए। उनका कहना है कि संबंधित भुगतान के लिए ओटीपी प्रक्रिया में सरपंच के मोबाइल का उपयोग होने की बात सामने आती है। ऐसे में सरपंच से भी यह जानकारी ली जानी चाहिए कि किन-किन भुगतानों के लिए उनके मोबाइल पर ओटीपी आया और भुगतान की पूरी प्रक्रिया के संबंध में उन्हें कितनी जानकारी थी।ग्रामीणों का कहना है कि यदि केवल इसी एक सीसी रोड निर्माण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पंचायत में किए गए अन्य कार्यों और भुगतानों की स्थिति की भी जांच का रास्ता खुल सकता है। उनका कहना है कि जांच में मौके पर सड़क की गुणवत्ता, निर्माण में उपयोग सामग्री, स्वीकृत राशि, तकनीकी स्वीकृति, प्रशासकीय स्वीकृति, माप पुस्तिका, बिल-वाउचर और भुगतान रिकॉर्ड का मिलान किया जाना चाहिए।

तकनीकी अमले की भूमिका भी जांच के घेरे में

निर्माण कार्य में तकनीकी अमले की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की तकनीकी निगरानी, गुणवत्ता का मूल्यांकन और माप के अनुसार भुगतान की प्रक्रिया में उपयंत्री एवं सहायक यंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में यदि सड़क निर्माण की गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो तकनीकी स्तर पर किए गए निरीक्षण और मूल्यांकन की भी जांच आवश्यक है।ग्रामीणों ने मांग की है कि किसी स्थानीय स्तर की औपचारिक जांच के बजाय जनपद पंचायत से बाहर के तकनीकी अधिकारियों से सड़क का भौतिक सत्यापन कराया जाए। साथ ही भुगतान से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर यह भी स्पष्ट किया जाए कि जिस सामग्री के लिए भुगतान किया गया, वह वास्तव में मौके पर पहुंची थी या नहीं।

सचिव बोले- अभी एक जगह बैठा हूं, बाद में बात करता हूं

मामले को लेकर ग्राम पंचायत मानक देवरी के सचिव संतोष पंद्राम से चर्चा की गई। उनसे सीसी रोड निर्माण, सामग्री खरीदी और पंचायत दर्पण पर दर्ज भुगतान को लेकर पक्ष जानने का प्रयास किया गया। सचिव ने कहा कि "मैं एक जगह बैठा हूं, बाद में बात करता हूं।" इसके बाद उन्होंने मामले पर विस्तार से अपना पक्ष नहीं दिया।ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। ऐसे में अब सवाल यह है कि क्या जनपद पंचायत इस निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराएगी? क्या सड़क में उपयोग हुई सामग्री और भुगतान किए गए बिलों का मौके पर सत्यापन होगा? और क्या तकनीकी अमले द्वारा किए गए मूल्यांकन की भी जांच की जाएगी? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे।

एक्साइज ड्यूटी घटने पर भी खाद्य तेलों के दाम कम नहीं

सौंसर, पिपला में बेचे जा रहे 700 ग्राम का 'कट पैकेट'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

केंद्र सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के बीच कितना बड़ा फासला है, इसकी बानगी सौसर,पीपला नारायणवार के बाजारों में साफ देखी जा सकती है। बीते सप्ताह सरकार द्वारा खाद्य तेलों पर एक्साइज ड्यूटी घटाए जाने के बावजूद आम जनता को राहत का एक भी रुपया नहीं मिला। मुनाफाखोरी के खेल में मशगूल थोक व्यापारी पुराने दामों पर ही तेल बेच रहे हैं, लेकिन असली 'गोरखधंधा' तो माप-तोल के नाम पर खुलेआम जारी है।

1 लीटर की आड़ में 700-800 ग्राम का 'कट साइज' का खेल



नियमों के मुताबिक बाजार में सिर्फ 1 लीटर, 5 लीटर और 10 लीटर के मानक पैक बेचने की अनुमति है। मानक नियमों के अनुसार 1 लीटर तेल की पैकिंग में 910 ग्राम और आधा लीटर में 455 ग्राम वजन होना अनिवार्य है। लेकिन सौसर ओर पीपला नारायणवार के बाजार में ग्राहकों की आंखों में धूल झोंककर 1 लीटर के नाम पर 700 से 800 ग्राम के 'कट साइज' पैकेट बेचे जा रहे हैं। सीधा-साधा ग्राहक 1 लीटर का पैकेट समझकर खरीदता है और घर जाकर ठगा सा महसूस करता है।पिपला के गोदामों में 'कट पैकेट' का अवैध भंडारण है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के बड़े थोक व्यापारियों के गोदामों में ऐसे 'कट साइज' (700-800 ग्राम) पैकेटों का बड़े पैमाने पर भंडारण कर रखा गया है। सरकार की छूट का लाभ जनता तक पहुंचाने के बजाय व्यापारी इस तरह से घटतौली और कालाबाजारी कर रोज मोटी रकम छाप रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस फर्जीवाड़े पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है। आखिर क्यों अधिकारी सौसर पिपला ना वार के गोदामों पर छापेमारी नहीं कर रहे। जिसका भुगतान ग्रामीनो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर चुकाना पड़ रहा है। नगर में अब यह आम चर्चा का विषय बन चुका है कि खाद्य विभाग और बड़े थोक व्यापारियों की 'सेटिंग' के कारण ही यह अवैध गोरखधंधा धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। जनता मांग कर रही है कि प्रशासन तुरंत हरकत में आए, गोदामों की जांच करे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर आम नागरिकों को राहत दिलाए।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का लोहांगी में हुआ आयोजन

बिछुआ। जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत लोहांगी में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उनके निराकरण के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।शिविर को क्रमशः श्री रामसिंह पटेल,श्री शैलेश चोपड़े,महापौर श्री विक्रम अहाके जी ने संबोधित किया महापौर श्री विक्रम अहाके ने कहा की शिविर के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना सरकार की मंशा है। इस दौरान मुख्य रूप से छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम अहाके,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े, मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रामसिंह पटेल,जनपद सीईओ गौरव तिवारी,तहसीलदार मोनिका विश्वकर्मा,बीएमओ निलेश सिद्धाम,वरिष्ठ नेता मारुति कोचे,हरिश्चन्द जम्बोलकर,पार्षद बबलू आरगुडे,रजत वानखेड़े,श्यामलाल दर्शमा प्रशांत ठोसरे,राजू जी,गुणवंत ठोसरे,सरपंच सचिव समेत प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि स्थानीय कार्यकर्ता बंधु मातृशक्ति उपस्थित रहे।

पार्षद के खिलाफ पुलिस में शिकायत, एफआईआर दर्ज करने की मांग



न्यूटन / परासिया :- न्यूटन पुलिस चौकी में शनिवार को वार्ड 9 के पार्षद जयंत राय के खिलाफ चिखली बस्ती वार्ड 2 निवासी पवन साहू उर्फ़ घनश्याम साहू स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ शिकायत लेकर पहुंचा । पुलिस से पार्षद के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने की मांग रखी है ।शिकायत करता पवन साहू ने शिकायत में कहा है , कि उसकी भतीजी को सांप ने काट लिया था । जिसके कारण वह जिला अस्पताल छिंदवाड़ा में भर्ती थी । उसे देखने जाने के लिए मुझे गाड़ी की आवश्यकता थी ।मेरे घर के पास मेरे मित्र आशीष यदुवंशी के घर में जयंत राय की स्विफ्ट कार खड़ी थी । मैंने आशीष से कार मांगने को कहा तो उसने कहा कि यह गाड़ी जयंत राय भैया की है , उनसे बात कर लो । मैंने जयंत राय को फोन लगाया तो उसने गाड़ी ले जाने की अनुमति दे दी । शिकायतकर्ता अपने परिवार के साथ उस गाड़ी से जिला अस्पताल छिंदवाड़ा गया । रास्ते में उसने गंगीवाड़ा टोल प्लाजा पर टोल टैक्स भी दिया और अस्पताल में गाड़ी की पार्किंग पर्ची भी कटवाई । जब कुछ घंटे बाद वह अस्पताल से बाहर निकला तो अस्पताल के बाहर फाइनेंस कंपनी वालों ने उसे घेर लिया और बताया कि इस गाड़ी की 8 किस्तें बाउंस हो चुकी हैं, इसलिए वे गाड़ी जब्त कर रहे हैं । वे गाड़ी लेकर चले गए । जब शिकायतकर्ता ने यह बात जयंत राय को बताई तो वह उल्टा उसके ऊपर ही गुस्सा करने लगा और गंदी-गंदी गालियां देने लगा।

परिवार की मुश्किलें हुईं दूर, रेनुका भारती को मिला पक्का आशियाना, सुरक्षित हुआ जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कभी बारिश की हर बूंद रेनुका भारती के परिवार के लिए चिंता लेकर आती थी। कच्चे घर की छत से टपकता पानी, गर्मी में बढ़ती परेशानी और बच्चों की पढ़ाई के लिए सुरक्षित स्थान का अभाव उनके रोजमर्रा के जीवन की कठिनाइयों का हिस्सा था। आज वही परिवार पक्की छत के नीचे सुरक्षित जीवन जी रहा है। घर में नल से स्वच्छ पानी पहुंच रहा है, परिवार के पास स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आयुष्मान कार्ड है और सभी आवश्यक दस्तावेज आसानी से बन जाने से परिवार कई शासकीय सुविधाओं से जुड़ गया है। यह बदलाव प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) और अन्य शासकीय योजनाओं से संभव हुआ है।



एमए तृतीय सेमेस्टर के 23 विद्यार्थियों ने 300 घरों में पहुंचकर जुटाए सामाजिक-आर्थिक आंकड़े

बाम्हनवाड़ा में भूगोल विभाग ने किया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के भूगोल विभाग द्वारा प्रायोगिक अध्ययन श्रृंखला के अंतर्गत ग्राम बाम्हनवाड़ा में एक दिवसीय सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया गया।

प्राचार्य अनिल जैन के निर्देश एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना भार्गव की अनुमति से 2 अक्टूबर 2026 को एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल के 23 विद्यार्थियों ने प्रायोगिक भूगोल पाठ्यक्रम के तहत सर्वेक्षण कार्य में सहभागिता की।सर्वेक्षण दल ने तहसील चौरई के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाम्हनवाड़ा का भ्रमण किया। यह गांव चौरई से करीब 13 किलोमीटर तथा जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। विद्यार्थियों ने गांव के करीब 300 घरों में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और विभिन्न विषयों से संबंधित जानकारी एकत्र की।सर्वेक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीण परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, रोजगार के साधन, उपलब्ध संसाधन, शिक्षा, आवास, मूलभूत सुविधाओं तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य संसाधनों से संबंधित आंकड़े जुटाए।

विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय अध्ययन के माध्यम से ग्रामीण जीवन की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का प्रयास किया।इस दौरान भूगोल विभाग की श्रीमती प्रियंका तिवारी एवं श्रीमती ज्योति उइके विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को क्षेत्रीय सर्वेक्षण की प्रक्रिया, आंकड़े एकत्र करने की विधि तथा स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। सर्वेक्षण को विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक ज्ञान और क्षेत्रीय अध्ययन की तकनीकों को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया।

जन विश्वास अभियान शिविर में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, कुछ का समाधान, कुछ में आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



नगर पंचायत बड़कुही कार्यालय परिसर में शनिवार को जन विश्वास अभियान शिविर का आयोजन हुआ । जिसमें कई लोगों ने अपने आवेदन दिए । समस्याएं रखी । कलेक्टर से संवाद किया । जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण हो सकता था , उनका समाधान मौके पर ही किया गया । बाकी आवेदकों को उनकी समस्याओं के समाधान शीघ्र किए जाने का आश्वासन दिया गया ।शिविर में कलेक्टर हरेंद्र नारायण दोपहर 3 बजे पहुंचे । उनके अलावा जिला पंचायत सी ई ओ अग्रिम कुमार के अलावा , आबकारी , शिक्षा और अन्य विभागों के जिला अधिकारी और विकास खंड परासिया के अधिकारी भी शिविर में मौजूद रहे ।

शिविर शाम 5 बजे तक चला । इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा , विधायक सोहन वाल्मीकि , पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया , विधानसभा प्रभारी ज्योति देहरिया , पूर्व जनपद अध्यक्ष रईस खान , बड़कुही नगर पंचायत अध्यक्ष भरत डेहरिया , उपाध्यक्ष हरी यदुवंशी (गुड्डा) , चांदामेटा नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया , उपाध्यक्ष अमजद खान , न्यूटन नगर पंचायत अध्यक्षा अनुपमा राय , उपाध्यक्ष संतलाल यादव , सभापति नीरू चंदेल सहित बड़ी संख्या में आवेदक मौजूद रहे । शिविर में पेंशन , 181 , राशन कार्ड आदि के प्रकरणों का निपटारा हुआ ।

रईस खान ने रखी सड़क निर्माण की मांग

शिविर में जनपद परासिया के पूर्व अध्यक्ष रईस खान ने रावनवाड़ा से दिघावानी तक सड़क निर्माण की मांग रखी । उन्होंने कलेक्टर को बताया , कि रावनवाड़ा से दिघावानी तक सड़क बेहद जर्जर हो गई है । जिससे हजारों लोगों का आना - जाना दूभर हो गया है । वेकोलि प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा है । इस सड़क का निर्माण होना जनहित में अत्यंत आवश्यक है ।

अधिकारी सही समय पर लोगों का काम करे

विधायक सोहन वाल्मीकि ने जन विश्वास अभियान शिविर को लेकर कहा , कि शिविर में कई आवेदन आए , कुछ का निराकरण भी हुआ , लेकिन सवाल यह है , कि लोगों की छोटी - छोटी समस्याओं को निपटाने के लिए भी कलेक्टर को खुद शिविरों में आना पड़ रहा है , इसका मतलब साफ है कि अधिकारी अपने - अपने क्षेत्रों में लोगों के काम समय पर नहीं कर रहे हैं , जिसके लिए लोग परेशान होते हैं । यदि अधिकारी अपने ही क्षेत्र में लोगों की समस्याएं सुने और हल करें तो शिविर का उद्देश्य भी पूरा हो ।



हर्रई कॉलेज में करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट गतिविधियों का आयोजन

हर्रई । सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. एस. के. एस. यादव के निर्देशन में शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय हर्रई में करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करियर गाइडेंस सेल के प्रभारी दिलीप डेहरिया एवं राजेश डेहरिया द्वारा किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उनकी रुचि, अभिक्षमता, योग्यता एवं रोजगार के उपलब्ध अवसरों के आधार पर अपने करियर का लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्हें भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सही करियर विकल्प चुनने तथा अपने कौशल एवं क्षमताओं का विकास करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर 'लोकल फॉर वोकल' की अवधारणा को अपनाने तथा स्थानीय संसाधनों, उत्पादों एवं रोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

कंपनियों से निकल रहे जहरीले पानी को लेकर हुई चर्चा



सौंसर। स्थानीय नगर के वन विश्रामगृह में सौंसर क्षेत्र के पत्रकारों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रमेश पातुरकर ने की। बैठक में क्षेत्र के विकास, नागरिक समस्याओं और पत्रकारिता के स्तर को बनाए रखने सहित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक के दौरान पत्रकारों ने जिले क्षेत्र में लगातार बढ़ती फर्जी पत्रकारों की भरमार पर गहरी चिंता व्यक्त की। इसके साथ ही क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध धंधों पर सख्ती से लगाम कसने के लिए शीघ्र ही सभी प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव की कंपनियों द्वारा छोड़े जा रहे केमिकल युक्त दूषित पानी का मुद्दा प्रमुखता से उठा। पत्रकारों ने कहा कि इस जहरीले पानी से बोरगांव आसपास के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है।इसके बावजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर जल्द ही एक व्यापक रणनीति बनाकर विरोध दर्ज कराने की बात कही गई।बैठक मे जल्द ही सौंसर में पत्रकारिता के क्षेत्र में एक भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय लिया।

खैरीतायगांव में सड़कों पर बह रहा मकानों का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



एक तरफ जहां केंद्र सरकार द्वारा देशभर में 'स्वच्छ भारत अभियान' चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत खैरी तायगांव में स्थिति बिल्कुल इसके उलट नजर आ रही है। गांव के मुख्य पहुंच मार्ग पर मकानों का गंदा पानी सीधे सड़कों पर बहाया जा रहा है, जिससे राहगीरों और आसपास के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर जलजमाव और गंदगी के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस विकट समस्या की जानकारी ग्राम पंचायत खैरी तायगांव के सरपंच और सचिव को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते अब तक कोई सुध नहीं ली गई है। समस्या से तंग आकर पड़ोसियों और स्थानीय लोगों ने अब संबंधित विभाग से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है।

चर्चा के दौरान स्थानीय ग्रामीण राजेश बागडे ने अपना रोष व्यक्त करते हुए बताया कि वार्ड में चारों ओर फैली गंदगी, सड़क पर बहते पानी और पनपते मच्छरों की शिकायत पंचायत व जनपद पंचायत स्तर पर कई बार की गई है। हाल ही में इस समस्या को सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज कराया गया है। इसके बावजूद पंचायत और जनपद पंचायत में बैठे अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण पूरे वार्डवासी व ग्रामवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क पर बहते गंदे पानी की निकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

प्रभु प्रणाम ग्रुप ने विश्व प्रकृति एवं संयम दिवस मनाया



छिन्दवाड़ा। प्रभु प्रणाम ग्रुप के सदस्यों ने शनिवार को को विश्व प्रकृति एवं विश्व संयम दिवस मनाया। इस अवसर पर छिंदवाड़ा नगर की प्रमुख नदी कुल बेहरा नदी के तट पर सभी लोग एकत्रित हुए एवं वृक्षवीर कृपाशंकर यादव ने प्रकृति संरक्षण एवं क्रोध हिंसा आदि के प्रति संयम तथा सजग रहने हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर पालिक निगम से नरेश फरकसे,के.एस. यादव, विजय सिंह कुसरे , लक्ष्मण राव दौड़के , सेवक राम यादव, सुनील चांद, बृजेश चंद्रवंशी आदि प्रकृति प्रेमीगण उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर खिड़की कनेरी में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम आयोजित



जुन्नारदेव। जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम खिड़की कनेरी में जल अर्पण दिवस के अवसर पर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं उपस्थित लोगों ने जल के महत्व को समझते हुए जल स्रोतों के संरक्षण और पानी की एक-एक बूंद सहजने के लिए विभाग से आए अधिकारियों, कर्मचारियों ने समझाइश दी।कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक एवं धार्मिक विधि-विधान से जल अर्पण किया गया। उपस्थित लोगों ने जल को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल स्रोतों को स्वच्छ रखने, वर्षा जल का संरक्षण करने तथा अनावश्यक रूप से पानी की बर्बादी रोकने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण का संदेश आमजन तक पहुंचाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

वृद्ध जन हमारे परिवार के हिस्सा के साथ-साथ वे हमारे अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन के जीवंत स्त्रोत हैं- पुष्पा अमूले



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। हमारी भारतीय संस्कृति में सदैव से ही बुजुर्गों को विशेष सम्मान दिया गया है, उनके आशीर्वाद और अनुभव से परिवार मजबूत होता हैं एवं समाज को सही दिशा मिलती हैं। इसलिए हमारा परम कर्तव्य है कि हम अपने वृद्ध जनों को सम्मान, स्नेह, सुरक्षा और अपनापन प्रदान करे। उक्त आशय के उद्गार श्रीमती पुष्पा अमूले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी ने ग्राम पंचायत लालपुर में आयोजित वृद्ध जन सम्मान समारोह में व्यक्त किया। वारासिवनी विधानसभा के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत लालपुर में श्रीमती पुष्पा अमूले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी के मुख्य आतिथ्य एवं सुभाष झाड़ेकर सरपंच, किशोर अमूले जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बालाघाट, श्रीमती दिव्या गणवीर समन्वयक सामाजिक कल्याण विभाग, राधेश्याम बिसेन, बीरज लाल बिसेन, महेश टेंभरे, ओंकार चौधरी, श्रावण गौतम, सचिव बोपचे, रोजगार सहायक कमलेश कटरे, गुरुदयाल बघेले सहित वृद्ध जन उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी वृद्ध जनों का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

देश के तमाम सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक बुद्धिष्ट प्रतिनिधि होगे शामिल

बोधगया टेम्पल मैनेजमेंट कमेटी एक्ट 1949 को निरस्त करने हेतु कास्टीट्यूशन क्लब दिल्ली में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर पर बैठक होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बोधगया टेम्पल मैनेजमेंट कमेटी एक्ट 1949 को निरस्त करने के उद्देश्य से कास्टीट्यूशन क्लब, दिल्ली में 5 अक्टूबर को एक राष्ट्रीय स्तर की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में देश के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक बुद्धिष्ट प्रतिनिधि शामिल होंगे। महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन राष्ट्रीय समिति के तत्वाधान में यह बैठक आयोजित की जा रही है। महाबोधि महाविहार, जो विश्व के बौद्ध अनुयायियों का श्रद्धा का केंद्र है, का प्रबंधन बौद्ध अनुयायियों को सौंपने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एड संजय खोबरागड़े ने बताया कि महाबोधि महाविहार का निर्माण 260 ईसा पूर्व में बौद्ध सम्राट अशोक ने किया था। अनागारिक धम्मपाल जी ने 1895 में इस महाविहार का प्रबंधन बौद्ध अनुयायियों को सौंपने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उस समय भारत अंग्रेजी हुकूमत के अधीन था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने आश्वासन दिया था कि स्वतंत्रता के बाद प्रबंधन बौद्ध अनुयायियों को सौंपा जाएगा, लेकिन 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता के बाद भी ऐसा नहीं हुआ। बिहार सरकार ने 1949 में बोधगया टेम्पल मैनेजमेंट कमेटी एक्ट बनाया, जिसमें चार गैर-बुद्धिष्ट और चार बुद्धिष्ट सदस्य शामिल थे। इस एक्ट के तहत



महाबोधि महाविहार का प्रबंधन बौद्धों को नहीं सौंपा गया। समय-समय पर बुद्ध अम्बेडकर मिशन के सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया, लेकिन प्रबंधन हमेशा गैर-बुद्धिष्टों के हाथों में रहा। भदंत धम्म शिखर जी ने 2018 में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। इस आंदोलन में भदंत प्रज्ञाशील महाथेरो, डॉ. आकाश लामा और अन्य प्रमुख बौद्ध नेता शामिल हैं। हाल ही में, 23 अगस्त 2026 से पटना में भूख हड़ताल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सरकार इस मुद्दे पर विचार करेगी। हालांकि, बिहार सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। रवि पटले ने बताया कि यदि सरकार ने महाबोधि महाविहार का प्रबंधन बौद्ध अनुयायियों को नहीं सौंपा, तो दिल्ली में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। 5 अक्टूबर को होने वाली बैठक में विभिन्न बुद्धिष्ट संगठनों और संविधान वादी लोगों का समावेश होगा।

7 बटालियन सीआरपी एफ ने गांधी जयंती पर रैली निकालकर ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश एवं पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



02 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत सेवा अभियान के तहत 07वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 07वीं वाहिनी के कमाण्डेट श्री हजारी लाल एवं दीपक कुमार की अध्यक्षता में किया गया।इस दौरान अधिकारियों और जवानों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत "एक पेड़ माँ के नाम, एक पेड़ देश के नाम" अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुई। कमाण्डेन्ट सहित अधिकारियों और सभी जवानों ने पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस दौरान जवानों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को अपनी जिम्मेदारी बताते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की शपथ ली।इस अवसर पर कैम्प परिसर की साफ-सफाई में योगदान देने वाले सफाई मित्रों को कमाण्डेन्ट श्री हजारी लाल ने उपहार देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में स्वच्छता कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के अगले चरण में 07वीं वाहिनी के अधिकारी और जवानों ने रैली निकालकर हाथो में राष्ट्रीय झंडा लेकर नारेबाजी करते हुए गुजरी चौक, गांधी चौक ,किरनाई मंदिर,बस स्टैंड परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जवानों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया ।दौरान सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों को साफ रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

शाउमावि लांजी में "स्वच्छ भारत सेवा–सेवा मेरा योगदान" अभियान के तहत विविध गतिविधियां आयोजित

गांधी जयंती पर स्वच्छता का संदेश, विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में "स्वच्छ भारत सेवा–सेवा मेरा योगदान" अभियान के अंतर्गत विविध स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डी.के. फुल्लारे ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ कचरा पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, कचरे के उचित निपटान तथा उपयोगी सामग्री के पुनर्चक्रण के संबंध में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।विद्यालय के शिक्षक अनतराम फूंडे ने महात्मा गांधी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को गांधीजी के स्वच्छता संबंधी विचारों से अवगत कराते हुए स्वच्छता को केवल एक दिन का अभियान न बनाकर इसे निरंतर व्यवहार में शामिल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन भी उनके द्वारा किया गया। "स्वच्छ भारत सेवा–सेवा मेरा योगदान" अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर में मौजूद कचरे को एकत्र किया और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फेंकने, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने, कूड़ेदान का उपयोग करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

भानेगांव सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

गर्भवती महिलाओं की सहभागिता के साथ आयोजित हुआ कार्यक्रम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने दी पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



हरिभूमि न्यूज लांजी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भानेगांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-02 में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, गर्भवती महिलाओं सहित ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा आंगनवाड़ी केंद्र से मिलने वाली विभिन्न सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ी सभी कार्यकर्ता बहनों की उपस्थिति रही। साथ ही ग्राम पंचायत भानेगांव के सरपंच राम ठाकरे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सरपंच की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं से संवाद किया गया तथा उनके स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई।गर्भवती महिलाओं को पोषण के प्रति किया जागरूकआंगन मिलन कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं का लाभ लेने के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं को समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया गया।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बेहतर बनाने में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों तक विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के पोषण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं से आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेने और किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करने की अपील की गई।सरपंच राम ठाकरे ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि गांव में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित गतिविधियों में ग्रामीणों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने तथा महिला एवं बाल विकास से संबंधित गतिविधियों के प्रति जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया जा रहा है।आंगन मिलन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को एक मंच पर एकत्रित कर उनकी समस्याओं को समझने, आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन दिनांक 04 अक्टूबर 2026 दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से 04 बजे तक नगर पालिका सिवनी मानस भवन में किया जा रहा है जिसमें शासन की समस्त प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ शिविर के माध्यम से आम नागरिको को प्रदाय किया जावेगा। अतः अधिक से अधिक संख्या में षिविर में पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्राप्त करें।

यातायात पुलिस सिवनी का विशेष चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।
यातायात पुलिस सिवनी द्वारा दिनांक 01/10/2026 को शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान मुख्य रूप से दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों द्वारा सीटबेल्ट के उपयोग की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 120 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों से कुल 47,200 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। चालानी कार्रवाई के साथ-साथ यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में समझाईश भी दी गई। वाहन चालकों को बताया गया कि हेलमेट एवं सीटबेल्ट केवल चालानी कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। सडक़ दुर्घटना के दौरान हेलमेट सिर में होने वाली गंभीर चोटों से बचाव में सहायक होता है, वहीं सीटबेल्ट गंभीर दुर्घटनाओं में जीवनरक्षक साबित हो सकता है।

योग एवं ध्यान स्वस्थ जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सिवनी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत योग एवं ध्यान विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने योग एवं ध्यान के महत्व को समझा तथा इन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाकर स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. सविता मसीह ने ज्ञान योग, कर्म योग एवं भक्ति योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास का प्रभावी माध्यम है। विशेष वक्ता डॉ. मानसिंह बघेल ने कहा कि स्वस्थ मन से ही स्वस्थ तन का निर्माण होता है। मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक हैं। योग एवं ध्यान के नियमित अभ्यास से जीवन में सकारात्मकता, एकाग्रता और आत्मिक शांति का विकास होता है।

श्रमजीवी पत्रकार परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष पर घर में घुसकर हमले का आरोप







बादलपार। कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी क्षेत्र में श्रमजीवी पत्रकार परिषद के कुरई विकासखंड अध्यक्ष एवं समाचार पत्र के रिपोर्टर बिहारी लाल सोनी के साथ घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पत्रकार बिहारी लाल सोनी ने आरोप लगाया कि विद्युत ठेकेदार एवं बादलपार विद्युत वितरण केंद्र क्षेत्र से संबंधित खबरों के प्रकाशन को लेकर अशोक शरणागत उनसे नाराज थे। सोनी के अनुसार, इसी बात को लेकर उन्हें धमकियां दी गईं तथा घर के मालमा को लेकर जान से मारने और गाड़ी से कुचलने की धमकी भी दी गई।
सोनी का आरोप है कि सांसद प्रतिनिधि एवं जिला मंत्री अशोक शरणागत, उनके भाई दिनेश शरणागत तथा पुत्र तुषार शरणागत उनके घर पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। पत्रकार ने यह भी आरोप लगाया कि अशोक शरणागत के संबंध में पूर्व में चोरी तथा पथरई की महिला सरपंच से 50 हजार रुपये की कथित मांग से जुड़ी शिकायतों की खबरें भी सामने आई थीं। घटना के बाद पत्रकार बिहारी लाल सोनी शिकायत दर्ज कराने बादलपार चौकी पहुंचे। उनका आरोप है कि उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की मांग की, लेकिन चौकी प्रभारी इंजन सिंह द्वारा शिकायत एनसीआर के रूप में दर्ज की गई। सोनी ने आरोप लगाया कि उन्हें एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई किए जाने की धमकी भी दी गई। इसके अलावा चौकी प्रभारी द्वारा स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए कार्रवाई को लेकर असमर्थता जताने की बात भी पत्रकार ने कही है। पत्रकार ने चौकी प्रभारी को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बढ़ सकते हैं।

पत्रकारों में आक्रोश

घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त हो गया। पत्रकारों ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से मामले की तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा पीड़ित पत्रकार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्रकारों का कहना है कि पत्रकारों के साथ लगातार होने वाली घटनाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। वहीं, क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक से बादलपार चौकी की पुलिस व्यवस्था की समीक्षा करने तथा सक्षम पुलिस अधिकारी को चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी देने की मांग की है, ताकि चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

रेल सुविधाओं के लिए लामबंद हुआ पलारी: 80 गांवों की आवाज बने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, रेल मंत्री को पत्र भेजकर की ट्रेनों के ठहराव की मांग

नैरोगेज में अव्वल, ब्रॉडगेज में उपेक्षा! पलारी स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज की उठी पुरजोर मांग, ग्रामीणों की परेशानी पर सांसद ने जताई सहानुभूति

संवाददाता कैलाश लाहोरी

पलारी स्टेशन पर स्टॉपेज बंद होने से 100 से अधिक गांवों में आक्रोश, केंद्रीय रेल मंत्री तक पहुंची मांग; नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस के ठहराव की सिफारिश

पलारी। सिवनी जिले के पलारी और आसपास के लगभग 70 से 80 गांवों के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए मण्डला-सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया है।

क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सर्व समाज जनसेवा संगठन और स्थानीय निवासियों ने सांसद डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते से भेंट कर पलारी रेलवे स्टेशन पर प्रमुख यात्री ट्रेनों के ठहराव की पुरजोर मांग उठाई थी। निवासियों का कहना है कि नैरोगेज (छोटी लाइन) के समय पलारी स्टेशन से जबलपुर-नागपुर मार्ग की ट्रेनें उपलब्ध थीं और यह स्टेशन तत्कालीन समय में



सर्वाधिक राजस्व देने वाले प्रमुख स्टेशनों में से एक था। हालांकि ब्रॉडगेज (बड़ी लाइन) बनने के बाद पलारी स्टेशन पर एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव बंद हो गया। इसके कारण क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों के ग्रामीण, मरीज, विद्यार्थी और व्यापारी वर्ग नैनपुर या सिवनी जाकर ट्रेन पकडऩे को मजबूर हैं, जिससे उन्हें अत्यधिक आर्थिक और शारीरिक कष्ट का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद ने पत्र में क्या कहा?

सांसद डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने आधिकारिक पत्र (क्रमांक 918/नि.स./2026, दिनांक 02/10/2026) में केंद्रीय रेल मंत्री से पलारी रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज प्रदान करने का विशेष आग्रह किया है शहडोल - नागपुर एक्सप्रेस, नागपुर - शहडोल एक्सप्रेस क्षेत्रीय जनता की मांग के अनुसार अन्य पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनें। सांसद ने अपने पत्र की प्रतिलिपि डीआरएम नागपुर डिवीजन तथा डीजीएम नागपुर डिवीजन को भी आवश्यक नियम सम्मत कार्रवाई हेतु प्रेषित की है।

70-80 गांवों का एकमात्र मुख्य केंद्र

सर्व समाज जनसेवा संगठन के अध्यक्ष मुन्नालाल यादव एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने बताया कि पलारी क्षेत्र का एक बड़ा व्यापारिक एवं आवागमन केंद्र है। रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस, तथा नैनपुर-इंदौर पेंचवैली एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें पलारी से गुजरती हैं, परंतु स्टॉपेज न होने से क्षेत्रवासियों को उनका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि पलारी स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव पुनः प्रारंभ कर दिया जाता है, तो इससे न केवल रेलवे के राजस्व में भारी वृद्धि होगी, बल्कि हजारों ग्रामीणों को सीधी रेल सुविधा का लाभ मिलेगा। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि रेल मंत्रालय इस जनहित के मुद्दे पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेगा।

जरूरतमंद विद्यालयों में झूले और खेल सामग्री उपलब्ध कराएगा लायंस क्लब



बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्लब ने लिया निर्णय, शिक्षा के साथ खेलकूद सुविधाओं पर भी रहेगा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय लायंस क्लब द्वारा जरूरतमंद बच्चों के हित में एक सराहनीय पहल की जा रही है। क्लब की बैठक श्री सुधीर एवं श्रीमती नीना नाहटा तथा श्री वर्धमान एवं श्रीमती शिल्पी नाहटा के आयोजन में क्लब अध्यक्ष श्री नवनीत अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि लायंस क्लब ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करेगा, जहां जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन विद्यालयों में बच्चों के मनोरंजन और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए झूले एवं आवश्यक खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद के बेहतर अवसर प्रदान करना और उनके लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।


भारत में खानकाहे सूफी परंपरा का मरकज है -मुफ्ती तौहिद आलम साहब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि देश कि प्रसिद्ध खानकाह दरगाह इस्लामपुर बिहार से आए सूफी धर्म गुरु साहिबे शज्जादा सैय्यद शहाबुद्दीन फिरदौसी साहब का एक देवसी दौरा सिवनी शहर गांधी वार्ड में कादरी मंज़िल पर हाजी शफीक कादरी हसीब फिरदौसी के यहां निवास में ग्यारवीं शरीफ के मौके पर महफ़िल ए मिलाद शरीफ़ का आयोजन किया गया, जिसमें खुशूसी तौर पर हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती तौहिद आलम साहब रजवी खतिबो ईमाम मस्जिद नूर अंबिया राज्य परिवहन बस स्टैंड का शानदार खिताब हुआ जिसमें मुफ्ती तौहिद रज़ा साहब ने सूफ़ी रिज्म सूफी विचारधारा को अध्यात्मिक का रास्ता बताया और आगे कहा हम भारतीय सुन्नी हनफी सूफी मुसलमानो को खासतौर पर बताया की सूफीया अध्यात्मिकता से ऐसे जोड़ते हैं जैसे जिस्म से उसकी सांस का रिश्ता है वैसे ही सच्चे पीर फकीर सूफिया औलिया खानकाही बुजुर्गों से अपने आपको मजबूत बनाएं रखें इस वक्त देश में भारतीय सुन्नी हनफी सूफी संस्कृति परंपरा गंगा जमुनी तहजीब संस्कृति को खत्म करने कुछ कट्टरपंथी विचार धारा जैसे नासबी राफजी खारजी ख्वारिज सुलह कुलली तफजीली फितने, हम अहले सुन्नत व जमात को गुमराह करने में लगे हुए हैं ऐसे बातिल जमातों से हमें बचना जरूरी है । ये हमारे ईमान और अकिदा दोनों के दुश्मन है जब हमारे ईमान अकिदा ही खत्म हो जाएगा तो न हम इस्लाम धर्म के न हम पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के भी वफादार नहीं रहेंगे तो मुल्क से वफादारी की उम्मीद ही नहीं की जा सकती है, इसलिए जब हमारे ईमान और अकिदा दोनों सलामत रहेगा तो हम अपने आका पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के भी वफादार होगे और मुल्क ए हिन्दुस्तान के भी वफादार होगे इसलिए सूफी विचारधारा से जुड़े रहे और सूफ़ी दरगाह खानकाह सूफिया पीर ए तरिकत से जुडऩा हर जगह पर कामयाबी हासिल होंगी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

पीएम श्री विद्यालय धनककड़ी में अतिथि शिक्षकों की भर्ती को लेकर उठे सवाल, नियमों की अनदेखी और पारदर्शिता पर आरोप, जांच की मांग

सिवनी। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनककड़ी में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति एवं विद्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर सामने आई शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय में शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है तथा लंबे समय से कुछ अतिथि शिक्षक ही कार्यरत हैं।



शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि विद्यालय में जब भी अतिथि शिक्षक का पद रिक्त होता है, तो कथित तौर पर पारदर्शी प्रक्रिया के बजाय मनमाने तरीके से नियुक्तियां की जाती हैं। यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता नियुक्ति के बाद पूरी हुई, जबकि उन्हें नियुक्ति पहले ही दे दी गई थी। वहीं, कुछ अतिथि शिक्षकों के वर्ग एवं उनके द्वारा संचालित कक्षाओं को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

ऑफलाइन भर्ती का भी लगाया आरोप

शिकायत में यह भी कहा गया है कि जहां शासन की प्रक्रिया के अनुसार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की बात है, वहीं विद्यालय में कथित तौर पर ऑफलाइन तरीके से नियुक्तियां किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप यह भी है कि विद्यालय में स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों को बार-बार अवसर मिलने से अन्य योग्य अभ्यर्थियों को मौका नहीं मिल पा रहा है।

जानकारी मांगने पर टालमटोल का आरोप

शिकायतकर्ताओं ने विद्यालय की नियुक्तियों एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब विद्यालय से जानकारी मांगी जाती है अथवा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है, तो कथित तौर पर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती और मामले को टालने का प्रयास किया जाता है।

अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल

इन आरोपों की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विद्यालय से संबंधित अनियमितताओं की जानकारी बीआरसी स्तर तक पहुंचने के बाद भी अपेक्षित कार्रवाई सामने नहीं आई है।
हालांकि, समाचार में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नियुक्तियों से संबंधित दस्तावेज, पात्रता, चयन प्रक्रिया और विद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के रिकॉर्ड की जांच किए जाने की मांग उठ रही है।
अब सवाल यह है कि क्या शिक्षा विभाग इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच कराएगा? जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की नियुक्तियां शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार हुई हैं या नहीं। मासूम विद्यार्थियों के हित और विद्यालय की पारदर्शी व्यवस्था को देखते हुए मामले में विभागीय जांच की आवश्यकता बताई जा रही है।

केवलारी पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

7 क्विंटल महुआ लहान एवं अवैध शराब निर्माण की भट्टी नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अवैध शराब निर्माण के ठिकाने पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई
पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केवलारी आशीष भराडे के सतत एवं प्रभावी नेतृत्व में थाना केवलारी पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 02/10/2026 को थाना केवलारी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मशानबर्रा क्षेत्र में खेतों के बीच से बहने वाले



नाले के किनारे अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का निर्माण एवं उतारने का कार्य किया जा रहा है।
मुखबिर की सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना केवलारी पुलिस टीम द्वारा तत्काल ग्राम मशानबर्रा क्षेत्र में दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर क्षेत्र की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान खेतों के बीच से बहने वाले नाले के किनारे डिब्बों में भरकर रखा लगभग 07 क्विंटल महुआ लहान बरामद हुआ। मौके पर किसी व्यक्ति की उपस्थिति नहीं मिली। अवैध कच्ची महुआ शराब के निर्माण को रोकने के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही लगभग 07 क्विंटल महुआ लहान को विधिवत नष्ट किया गया। साथ ही अवैध शराब निर्माण में उपयोग की जा रही भट्टी एवं अन्य सामग्री को भी नष्ट किया गया। थाना केवलारी पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार दबिश देकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

अवैध रेत का परिवाहन करते डंपर पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सुकतरा-बादलपार मार्ग पर बड़ी कार्रवाई की है। वाहन चेकिंग के दौरान रेत से भरे एक डंपर को रोककर जांच की गई। जांच में रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने डंपर को मौके पर ही जब्त कर लिया।
जानकारी के अनुसार चेकिंग के दौरान डंपर क्रमांक एमपी 34 जी 0540 को रोककर उसके दस्तावेजों की जांच की गई। वाहन चालक रेत परिवहन से संबंधित आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए डंपर को जब्त कर लिया। प्रशासन की सख्ती से मचा हडक़ंप अवैध रेत परिवहन पर हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार करने वालों में हडक़ंप की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही वाहन चेकिंग से बिना



अनुमति अथवा आवश्यक दस्तावेजों के रेत परिवहन करने वालों पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है। यह कार्रवाई तहसीलदार कुरई हिमांशु कौशल एवं नायब तहसीलदार सोनम पांडे के मार्गदर्शन में बादलपार चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन कर रेत का परिवहन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। जब्त डंपर के संबंध में भी आगे की कार्रवाई संबंधित नियमों एवं प्रावधानों के तहत की जा रही है।

भरवेली की जनता ने कल्पना को दिया आर्शीवाद, गीता बिसेन की करारी हार

पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित, दो महिला और एक पुरूष ने बाजी मारी





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की तीन पंचायतों में हुए उपचुनाव के नतीजे 3 अक्टूबर को घोषित कर दिए गए हैं। इनमें दो महिला और एक पुरुष सरपंच चुने गए हैं। भरवेली पंचायत से कल्पना संतकुमार वासनिक ने 70 वोटों से जीत हासिल की।

वारासिवनी जनपद की एकोड़ी पंचायत में सरिता कैलाश मेश्राम 147 वोटों से जीतीं। वहीं, लालबर्रा जनपद की खुरपुड़ी पंचायत में धनाराम उर्फ धन्नु पगरवार ने 24 वोटों से जीत दर्ज की। इन सीटों पर 29 सितंबर को मतदान हुआ था।

रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार छवि पंत ने बताया कि 15 मतदान केंद्रों पर वोटों की गिनती तीन टेबल पर पांच राउंड में ईवीएम मशीनों से की गई। भरवेली में पूर्व सरपंच गीता अनिल बिसेन को अविश्वास प्रस्ताव के बाद पद छोड़ना पड़ा था। खुरपुड़ी में सरपंच धन्नालाल कावरे के निधन से सीट खाली हुई थी। जनपद क्षेत्र की बुढैना, पाथरवाड़ और मानेगांव में तीन पंच निर्विरोध चुने गए। नतीजे आने के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह देखा गया। एकोड़ी में सरपंच मोनिका राहुल मेश्राम को धारा 40 के तहत पद से हटाया गया था। जिसके बाद सरिता कैलाश मेश्राम, स्थानापन्न सरपंच थी। हाल में हुए उपचुनाव में, सरिता कैलाश मेश्राम ने अपनी प्रतिद्वंदी रेखा धरमदास मेश्राम को 147 मतों से पराजित किया।

भरवेली पंचायत में पांच प्रतयाशी चुनाव मैदान में थे। जिसमें गीता अनिल बिसेन को 1940 मत, उर्मिला लालचंद मालेश को 13, सविता वाहन को 140, कल्पना संतकुमार वासनिक को 2010, अनिता मिलिंद भालेकर को 19 मत मिले। जबकि नोटा में 24 मत पड़े।

इसी प्रकार एकोड़ी पंचायत में पांच प्रत्याशियो में रेखा धरमदास मेश्राम को 592, संगीता राकेश मेश्राम को 181, सरिता कैलाश मेश्राम को 739, मीराबाई मेश्राम को 204 मत मिले। जबकि नोटा में 9 मत पड़े।खुरपुड़ी में दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जिसमें धनाराम उर्फ धन्नु पगरवार को 536 और महेश कुमार कावरे को 512 मत मिले। जबकि नोटा में 5 मत पड़े। जिले में रिक्त 46 पंच पदों के लिए मिले नामांकनों में 20 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। बाकी 26 पंच पदों के लिए कोई नामांकन नहीं आया। जनपद पंचायत खैरलांजी के क्षेत्र क्रमांक 19 में जनपद सदस्य का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। जनपद पंचायत लांजी की ग्राम पंचायत परसोडी और जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत झागुल में भी सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जबकि 3 पंचायतों में उपचुनाव के तहत ईवीएम से वोटिंग हुई थी।

कांग्रेस नेता भुरू पटेल ने कहा कि भरवेली में उपचुनाव शांतिपूर्ण रहे। भरवेली की जनता और कांग्रेस समर्थितों ने गांव को शांति का टापू बनाने के लिए मतदान किया है जिसमें कल्पना वासनिक की जीत हुई है। अपेक्षा है कि भरवेली में पहले जैसा भाईचारा फिर से कायम रहेगा। सरपंच कल्पना संतकुमार वासनिक ने इसे जनता की जीत बताया। उन्होंने बताया कि ग्राम में स्वच्छता और विकास उनकी प्राथमिकता होगी।

पदोन्नति नियमों में संशोधन की मांग को लेकर वन कर्मचारी संघ ने परसवाड़ा विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ ने वन विभाग के मैदानी कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी समस्याओं और मध्य प्रदेश पदोन्नति नियम, 2025 में संशोधन की मांग को लेकर परसवाड़ा विधायक श्री मधु भगत को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने बताया कि मैदानी कर्मचारी कठिन और जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में बीट निरीक्षण, वन एवं वन्यप्राणी अपराधों का पंजीयन, जांच तथा वन सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ग्रामीणों द्वारा अज्ञानतावश वन या वन्यप्राणियों को नुकसान पहुंचाने पर नियमानुसार अपराध दर्ज कर कार्रवाई भी इन्हीं कर्मचारियों द्वारा की जाती है।

संघ के अनुसार, कर्तव्यों के निर्वहन के बावजूद कई मामलों में कर्मचारियों के विरुद्ध लघु शास्ति, प्रतिकूल प्रविष्टि, स्पष्टीकरण या वसूली जैसी कार्रवाई हो जाती है, जिससे उनकी पदोन्नति प्रभावित होती है। वरिष्ठता और पात्रता होने के बावजूद वे पदोन्नति प्रक्रिया से बाहर हो जाते हैं।

संघ ने पदोन्नति नियम, 2025 के नियम 10 में संशोधन कर दंड समाप्त होने के बाद पदोन्नति पर पड़ने वाले प्रभाव की अवधि स्पष्ट और न्यायसंगत अर्थात 1 साल की प्रभावशीलता समाप्त करने की मांग की है, ताकि छोटी विभागीय कार्रवाई के कारण कर्मचारियों का भविष्य लंबे समय तक प्रभावित न हो। इसके अलावा तृतीय श्रेणी के मैदानी कर्मचारियों के गोपनीय/कार्य निष्पादन प्रतिवेदन के मूल्यांकन में संशोधन की मांग भी की गई। संघ का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में उनके कठिन और जोखिमपूर्ण कार्यों का समुचित मूल्यांकन नहीं हो पाता, जिसका असर पदोन्नति पर पड़ता है। संघ ने अन्य जिलों से प्रशासनिक या पारिवारिक कारणों से स्थानांतरित होकर आने वाले कर्मचारियों को सेवा वरिष्ठता और पात्रता के आधार पर पदोन्नति का लाभ देने के लिए स्पष्ट व्यवस्था बनाने की मांग रखी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष श्री श्रीराम घरते, तहसील अध्यक्ष श्री शरीफ खान, संगठन सचिव सहित एवं पदाधिकारी अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने परसवाड़ा विधायक से मांगों को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने और मैदानी कर्मचारियों के लिए न्यायपूर्ण पदोन्नति व्यवस्था सुनिश्चित कराने की पहल करने का अनुरोध किया। संघ ने कहा कि वन कर्मचारी विपरीत परिस्थितियों में वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके और संवैधानिक माध्यम से अपनी मांगें शासन तक पहुंचाता रहेगा।

मुंह में राम, दिल में नाथूराम" वाली राजनीति का सच सामने आए : श्याम पंजवानी

गोडसे के समर्थन में कथित फेसबुक पोस्ट पर कांग्रेस का एसपी को ज्ञापन, कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नाथूराम गोडसे के समर्थन में सोशल मीडिया पर कथित रूप से की गई फेसबुक पोस्ट के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन सौंपने के बाद शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "जब नरेंद्र मोदी जैसा नेता विदेश की धरती पर पहुंचता है तो महात्मा गांधी का नाम लेकर हिंदुस्तान को गांधी की धरती बताकर प्रणाम करता है। विदेशों में महात्मा गांधी के नाम और उनकी विरासत का उल्लेख कर राजनीतिक संदेश देने वाली भाजपा को यह स्पष्ट करना होगा कि आखिर उसकी वास्तविक वैचारिक प्रतिबद्धता किसके साथ है—महात्मा गांधी के साथ या नाथूराम गोडसे के साथ?"

उन्होंने कहा कि "एक तरफ गांधी जी के नाम का इस्तेमाल कर विदेशों में भारत की पहचान बताई जाती है और दूसरी तरफ उसी पार्टी से जुड़े स्थानीय नेताओं पर गांधी जी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे के महिमामंडन की कथित पोस्ट करने के आरोप सामने आते हैं। यह दोहरा रवैया नहीं चल सकता। राजनीतिक लाभ के लिए गांधी जी की विरासत का इस्तेमाल और दूसरी ओर गोडसे की विचारधारा का समर्थन—इन दोनों में से एक ही स्टैंड स्पष्ट करना होगा।"

श्याम पंजवानी ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी वास्तव में नाथूराम गोडसे की विचारधारा का समर्थन नहीं करती, तो उसे ऐसी कथित पोस्ट पर अपना स्पष्ट रुख सामने रखना चाहिए। "अगर भाजपा गोडसे की उपासक नहीं है, तो फिर गांधी जी के स्वच्छता अभियान के प्रतीक चश्मे को लगाकर राजनीतिक लाभ क्यों लिया जा रहा है? गांधी जी केवल स्वच्छता का प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भाव के प्रतीक हैं। भाजपा को देश के सामने स्पष्ट करना होगा कि वह गांधी की विचारधारा को मानती है या गोडसे की।"

उन्होंने कहा कि संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गोडसे की विचारधारा से आगे बढ़ने की बात लिखे जाने का दावा किया गया है। ऐसे में यह केवल एक व्यक्ति की सोशल मीडिया पोस्ट का विषय नहीं रह जाता, बल्कि भाजपा को भी स्पष्ट करना चाहिए कि उस पोस्ट में किए गए दावों से उसका कोई संबंध है या नहीं।

कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन

कांग्रेस नेता अनूप सिंह बेस ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि पर प्रशासन को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गांधी के विचारों में विश्वास रखती है और यदि मामले में नियमानुसार कार्रवाई नहीं होती है तो कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि कथित फेसबुक पोस्ट की सत्यता, उसके स्रोत और उसमें लिखी गई सामग्री की निष्पक्ष जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान अनूप सिंह बेस, श्याम पंजवानी, राम सिंह भाटिया, श्रीकृष्ण डिंगरू, अल्लाह रखा, अफरोज कुरैशी, मधु चौकसे, श्रीमती पूजा, रिजवान खान, राहुल सिंह बेस, मुकेश माहुले, धर्मेंद्र बोपचे, आजम खान, शिवम विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हनुमान स्वरूप चोला धारण करेंगे साधक चेतन चौरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट मुख्यालय में दशहरा पर निकलने वाले 63वें चल समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार महावीर सेवादल समिति के चल समारोह में साधक चेतन चौरे वीर हनुमान का स्वरूप (चोला) धारण करेंगे। पिछले 15 वर्षों से समिति में सेवाएं दे रहे चेतन चौरे को यह सौभाग्य 15 साल के लंबे इंतजार के बाद मिला है। शनिवार को महावीर सेवादल समिति ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी साझा की।



दशहरा पर दो से ढाई किलोमीटर तक निकलने वाले इस शोभायात्रा में हनुमान का रूप धारण करने वाले साधक को अष्टधातु से बना 40 किलो वजनी मुकुट पहनना पड़ता है। वीर हनुमान का चोला धारण करने के लिए साधक को बेहद कठोर धार्मिक नियमों और कठिन तपस्या से गुजरना पड़ता है। चेतन चौरे ने बताया कि वे एक वर्ष से ब्रह्मचर्य का पालन कर रहे हैं और अब 40 दिनों के लिए श्री राम मंदिर में ही रहकर तपस्या कर रहे हैं।

इस दौरान उन्हें बिना नमक का भोजन करना पड़ता है। इसके साथ ही 40 किलो का मुकुट लेकर चलने के लिए वे सुबह-शाम दौड़ने और पैदल चलने का कड़ा अभ्यास भी कर रहे हैं। महावीर सेवादल समिति के युवा प्रतिनिधि अमन गांधी ने बताया कि 20 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस समारोह का मुख्य आकर्षण वीर हनुमान बने चेतन चौरे और उनकी वानर सेना रहेगी, जो राम दल के साथ पूरे शहर में भ्रमण करेगी।

दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में तीन व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी नगर के मेहंदीवाड़ा चंदन नदी के समीप शनिवार की दोपहर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना इतनी दर्दनाक थी कि तीनों ही युवक तीन दिशाओं में जा गिरे। वही दोनों ही बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद किसी भी राहगीर ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाने का प्रयास नहीं किया और अपने मोबाइल से दुर्घटना की रील बनाते रहे। सूचना मिलने पर 112 डायल की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती करवाया गया। तीनों ही युवकों को हाथ, पैर, सिर में गभीर चोट आई है। जिनका प्राथमिक उपचार के बाद तीनों ही युवकों की जिला चिकित्सालय बालाघाट भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है झरिया रामपायली निवासी घायल ब्रजेश पिता तानुलाल ढोके अपने साले दीपक पटले के साथ बाइक से बालाघाट हट्टा की बावली घूमने के पश्चात वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी मेंहदीवाड़ा पुल के समीप उन्होंने मेहंदीवाड़ा की ओर से आ रहे एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों ही युवक बेहोश हो गए।

ग्राम उमरी में नलजल योजना का निरीक्षण, एफटीके से किया जल परीक्षण

बालाघाट। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी. एल. उइके द्वारा आज 03 अक्टूबर को ग्राम उमरी, विकासखंड कटंगी में नलजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजना के तहत किए गए कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जानकारी ली।

इस अवसर पर जल नमूने का फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से जल परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान जल की गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न मानकों की जांच की गई। कार्यपालन यंत्री श्री उइके ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नलजल योजना का नियमित निरीक्षण करने तथा ग्रामीणों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रामीणों से भी जल का उपयोग सावधानीपूर्वक करने और पेयजल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

सेवा संकल्प अभियान : सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार गतिविधि आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में सेवा सेतु अभियान : सरकार आपके द्वार गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए जागरूक करना रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. के. धुर्वे के मार्गदर्शन एवं सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. राजेन्द्र कुमार पिवहरे के निर्देशन में गतिविधि के अंतर्गत गांव की बेटी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु विशेष जागरूकता एवं जानकारी प्रदान की गई। गतिविधि के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.एल. मंडावी, प्रो. विशाल दमाहे एवं कर्मचारी श्री विवेक डोगरे द्वारा विद्यार्थियों को गांव की बेटी योजना के उद्देश्य, पात्रता, लाभ एवं योजना का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। 03 अक्टूबर को विकासखंड स्तर पर गतिविधि आयोजित की गई तथा 04 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्र में शिविर के माध्यम से गतिविधि आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

आदिवासी अंचल के बच्चों के सपनों को मिली नई उड़ान, आदर्श दानपात्र ने वितरित की निःशुल्क स्टेशनरी किट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शिक्षा की रोशनी जब आदिवासी अंचल की बस्तियों तक पहुंचती है, तो वह केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देती, बल्कि बेहतर भविष्य की उम्मीद भी जगाती है। इसी उद्देश्य के साथ आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट एवं जनसहयोग के माध्यम से बैहर तहसील के बैगा जनजाति बहुल ग्राम सुमेरीखेड़ा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी किट वितरित की गई।



इस किट में बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बैग, टिफिन, वाटर बॉटल, कॉपियां, पेंसिल, ड्राइंग बुक, कलर एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री शामिल की गई। आर्थिक अभावों के बीच शिक्षा की राह पर आगे बढ़ रहे बच्चों के लिए यह पहल महज सामग्री वितरण नहीं, बल्कि उनके सपनों और भविष्य के प्रति समाज की संवेदनशीलता का प्रतीक बनी। किट पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने इस प्रयास की सार्थकता को और गहरा कर दिया। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला सुमेरीखेड़ा के प्रधान पाठक श्री आर. के. प्रजापति, शिक्षक श्री अजय सिसोदिया, विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणजन एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष श्री राहुल वैद्य ने कहा कि किसी जरूरतमंद बच्चे के हाथ में कलम और शैक्षणिक सामग्री पहुंचाना केवल सहयोग नहीं, बल्कि उसके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से दूरस्थ आदिवासी अंचलों में शिक्षा की राह को आसान बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे, ताकि संसाधनों के अभाव में किसी बच्चे के सपने अधूरे न रह जाएं।जब एक हाथ मदद के लिए बढ़ता है, तो किसी नन्हे हाथ में कलम आती है; और वही कलम आने वाले कल की नई कहानी लिखती है।

यूसीमास विश्वस्तरीय ग्रेडिंग परीक्षा आज,शामिल होगे 230 परीक्षार्थी

बालाघाट। बालाघाट में यूसीमास की विश्वस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आज 04 अक्टूबर को बालाघाट के यूसीमास सिंधी मोहल्ला सेन्टर में आयोजित किया जा रहा है। इस परीक्षा में यूसीमास सिंधी मोहल्ला सेन्टर के 230 बच्चे शामिल होगें। गौरतलब है कि यूसीमास इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन मलेशिया और चायनीज झुसान एसोशिएशन चाइना द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन इंडिया के विभिन्न यूसीमास सेन्टरों में किया जा रहा है। पहले इस परीक्षा को देने के लिये बालाघाट के बच्चों को गोंदिया जाना होता था। वहीं अब यह यूसीमास सेन्टर की संचालिका द्वारा संभव हुआ है कि बच्चे बालाघाट के ही सेन्टर में परीक्षा दे पायें।

